भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4937

उत्तर देने की तारीख 23 मार्च, 2026

सोमवार, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

उत्तर प्रदेश में आईटीआई में कृषि आधारित ट्रेडों की स्थिति

4937. श्रीमति डिम्पल यादवः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से मैनपुरी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड-चैन प्रबंधन और कृषि-रसद से संबंधित ट्रेडों की उपलब्धता और वास्तविक नामांकन के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अनुदेशकों के रिक्त पदों या पर्याप्त फैकल्टी की कमी के कारण गैर-कार्यात्मक ऐसे ट्रेडों की संख्या कितनी है;

(ग) कृषि आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के भीतर उक्त विशिष्ट क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं के प्लेसमेंट रिकॉर्ड का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने लक्षित कौशल विकास पहलों के माध्यम से स्थानीय कृषि उत्पादन और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच के अंतर को पाटने के लिए कोई समयबद्ध रणनीति तैयार की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) देश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के नेटवर्क के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन करता है। सीटीएस के अंतर्गत देशभर में 14,688 आईटीआई (3,345 राजकीय एवं 11,343 निजी) के माध्यम से 169 पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 3,304 आईटीआई हैं, जिनमें 294 राजकीय एवं 3,010 निजी आईटीआई शामिल हैं। इनमें से मैनपुरी जिला में कुल 21 आईटीआई हैं, जिनमें 04 राजकीय एवं 17 निजी आईटीआई शामिल हैं।

खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड-चेन प्रबंधन एवं कृषि-रसद से संबंधित क्षेत्रों में, देशभर के आईटीआई में सीटीएस के अंतर्गत 13 ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन 13 ट्रेडों की सूची ***अनुलग्नक-1*** में उपलब्ध है। सत्र 2025-26 में इन 13 ट्रेडों में से 03 ट्रेड - खाद्य पेय, खाद्य उत्पाद (सामान्य) तथा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनर तकनीशियन में उत्तर प्रदेश राज्य के आईटीआई में कुल 6,015 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मैनपुरी जिला में इन क्षेत्रों के अंतर्गत केवल रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनर तकनीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें 120 प्रशिक्षुओं का नामांकन हुआ है।

(ख) राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षकों की नियुक्ति की ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आती है।

(ग) और (ङ) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन भी किया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग-अनुरूप कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार योग्यता को बढ़ाना है जिनमें कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं कोल्ड-चेन प्रबंधन जैसे विषय भी शामिल हैं। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत दिनांक 31.12.2025 तक उत्तर प्रदेश राज्य में इन क्षेत्रों से संबंधित जॉब-रोलों में कुल 1,38,680 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है। मैनपुरी जिला में 317 अभ्यर्थियों को इन जॉब-रोलों में प्रशिक्षित/प्रबोधित किया गया है।

अनुलग्नक-1

दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4937 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड-चेन प्रबंधन और कृषि-रसद के क्षेत्रों में सीटीए के अंतर्गत ट्रेडों की सूची

क्र.सं.	ट्रेड का नाम	क्षेत्र	शैक्षणिक योग्यता	अवधि	एनएसक्यूएफ़ स्तर
1.	कृषि प्रसंस्करण	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
2.	बेकर और कन्फेक्शनर	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
3.	डेयरी उद्योग	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
4.	खाद्य और पेय पदार्थ	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
5.	खाद्य प्रसंस्करण उपकरण तकनीशियन	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
6.	खाद्य उत्पादन (सामान्य)	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
7.	फल और सब्जी प्रसंस्करण	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
8.	शहद प्रसंस्करण तकनीशियन	खाद्य उद्योग	10वीं पास	छह माह	3
9.	दूध और दुग्ध उत्पाद तकनीशियन	खाद्य उद्योग	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
10.	रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनर तकनीशियन	पूंजीगत वस्तुएँ और विनिर्माण	10वीं पास	दो वर्ष	4
11.	सेंट्रल एयर कंडीशन प्लांट मैकेनिक	पूंजीगत वस्तुएँ और विनिर्माण	10वीं पास	दो वर्ष	4
12.	इन-प्लांट लॉजिस्टिक्स सहायक	लॉजिस्टिक्स	10वीं पास	एक वर्ष	3.5
13.	वेयरहाउस तकनीशियन	लॉजिस्टिक्स	10वीं पास	एक वर्ष	3.5

*****